Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding financial Assistance for Madarsa Modernization Scheme.

माननीय अध्यक्ष : श्री ओवैसी जी, क्या आप कुछ कहना चाहते हैं?

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) : अध्यक्ष महोदय, इन्होंने कहा कि मदरसा मॉर्डनाइजेशन स्कीम के अंतर्गत इन्होंने 520 करोड़ रुपये दिए । …(व्यवधान) मैं यह पूछना चाहता हूं कि यूपी में इन्होंने पिछले 5 सालों में कितने रुपये दिए और इस वर्ष मदरसा मॉर्डनाइजेशन स्कीम के तहत ये कितना पैसा देंगे? …(व्यवधान) लगभग 50 हजार टीचर्स को अभी तक तनख्वाह नहीं मिली है । मंत्री जी कृपया इसका जवाब दें । …(व्यवधान)

श्री मुख्तार अब्बास नकवी : महोदय, ओवैसी साहब ने इस संबंध में एक चिट्ठी भी लिखी थी और इनका एक पत्र भी आया था । मदरसों के अलावा जितने भी शैक्षणिक संस्थान हैं, उनमें केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों की अलग-अलग एजुकेशनल इम्पॉवरमेंट स्कीम्स के तहत लोगों का एजुकेशनल इम्पॉवरमेंट हो, इस हेतु हम लोग काम कर रहे हैं ।…(व्यवधान) जहां तक मदरसों का सवाल है, तो मैं बताना चाहूंगा कि अलग-अलग मदरसों के बारे में …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप दोनों मित्र हैं । आप दोनों आपस में मिल-बैठकर बात कर लीजिएगा ।

…(व्यवधान)

श्री मुख्तार अब्बास नकवी : मदरसों के बारे में मैं बताना चाहूंगा कि इस देश में लगभग 28 हजार 590 मदरसे रजिस्टर्ड हैं । …(व्यवधान) उनमें एक लाख 47 हजार टीचर्स हैं । इन टीचर्स के अलावा अलग-अलग स्टेट के

मदरसा बोर्ड और राज्य सरकारों द्वारा जो भी रिकमेंडेशन आती हैं, उनके आधार पर हमने अभी तीन-चार दिन पहले ही उन राज्यों की मांगों को अप्रूव किया है और उनके द्वारा जो यू.सी. भेजा जाएगा, उसी हिसाब से धनराशि रिलीज की जाएगी । …(व्यवधान) धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : आप और श्री टी.आर. बालू जी मित्र हैं । आपको अल्पसंख्यक कार्य मंत्री जी अपने चैंबर में बुला रहे हैं । सिविल एविएशन मिनिस्टर भी उनके साथ में रहेंगे । उस समय इस समस्या का सॉल्यूशन निकाल लिया जाएगा ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने सॉल्यूशन निकाल दिया है । मैं यहां पर बैठकर हर समस्या का समाधान करता हूं । मैंने आपको बता दिया है कि सिविल एविएशन मंत्री और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री जी आपके साथ बैठकर चर्चा करेंगे । इस समस्या का जो भी समाधान होगा, उसका अनुपालन करते हुए वह किया जाएगा । That’s all.

…(व्यवधान)